हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

11 ट्रेनर ने सीवर कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण ...



12 ढाणी की रितू साइकिल रेस में प्रथम और म्यूजिकल चेयर में ...



**खबर संक्षेप**

## सोमवार को मैहडा गांव में होगा रात्रि ठहराव

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश शर्मा और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी सोमवार 23 फरवरी को मैहडा गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में रात्रि ठहराव करेंगे। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। साथ ही गांव के विकास को लेकर लोगों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

## पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड ने काटे 25 हजार के चालान

**भिवानी।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने जेईई चंचल के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान डीसी कॉलोनी क्षेत्र में 2500 रुपये के चार चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम जनता को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रदूषित पर्यावरण से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियान के दौरान दुकानदारों से अपील की है कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग ना करें।

मुआवजे को लेकर विधायक ने सीएम से मुलाकात की

# वंचित पीड़ितों को मुआवजे के लिए जल्द बनेगी कमेटी

## उपायुक्त से मांगी जाएगी रिपोर्ट, जल्द पूरी होगी प्रक्रिया

- पाइप लाइन दबाने का प्रस्ताव हो चुका है पास, प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा हलके के करीब एक दर्जन गांवों में बारिश के वक्त जलभराव से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को लेकर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने सीएम नायाब सैनी से मुलाकात की। इस पर सीएम नायाब सैनी ने मुआवजा से वंचित रहे किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए एक ऊच्चस्तरीय कमेटी का गठन करने तथा इस बारे में डीसी से रिपोर्ट तलब करने का भरोसा दिलाया है। यह प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाएगी। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि की मांग पर सीएम नायब सैनी ने जल्द ही मुआवजा जारी करवाने का भरोसा दिलाया है। ताकि जिन किसानों की फसल बर्बाद हो गई। उन किसानों को मुआवजें के तौर पर मदद मिल सके। उल्लेखनीय है कि अगस्त के अंतिम सप्ताह व सितम्बर के पहले सप्ताह में जिले में जबरदस्त बारिश हुई थी। जिससे अनेक गांवों में जलभराव हो गया और फसले ज्यादा पानी की वजह से खतम हो गई। कई जगहों पर तो अभी भी रबी फसलों की बिजाई नहीं हो पाई। दूसरी तरफ इस तरह के अनेक किसानों को अभी तक मुआवजा भी नहीं मिल पाया है। जिससे किसान परेशान है।

### पाइप दबाकर ड्रेन तक पहुंचाया जा सकेगा बारिश का पानी

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने सीएम से मुलाकात करने के बाद बताया कि जिन इलाकों में बारिश का पानी जमा हुआ था। उन इलाकों का बारिश के पानी की निकासी का स्थाई समाधान करवाया जाएगा। जलभराव वाली जगह से लेकर ड्रेन तक भूमि में पाइप दबाकर पानी को निकाला जाएगा। इस तरह की लाइन दबाने के कार्य का प्रस्ताव तैयार हो चुका है और जल्द ही पाइप दबाने की प्रक्रिया शुरू करवा दी जाएगी। ताकि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले इस कार्य को पूरा करवाया जा सके।



बवानीखेड़ा। गांव लोहारी जाटू के खेतों में जमा पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### चौव्वे की समस्या से दिलवाया जाएगा छुटकारा

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि इस साल मानसून के सीजन में जलभराव की समस्या नहीं बनने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी ने उनको भरोसा दिलाया है कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी है और भूमिगत पानी भी उपर है। उन गांव व इलाकों में गहरे ट्यूबवेल लगाए जाएंगे और उन ट्यूबवैलों का पानी नहरों में छोड़ा जाएगा। उस पानी को वहां तक ले जाया जाएगा। जहां पर पानी की ज्यादा जरूरत है। यह कार्य गर्मी के सीजन में ही शुरू करने की योजना है। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि चौव्वे की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए गांव तालू, कूंगड़, सिवाड़ा, धनाना, दुर्जनपुर व आधा दर्जन गांव शामिल है। जिनको सूचीबद्ध किया जा चुका है।

- अगस्त के अंतिम सप्ताह और सितम्बर के पहले सप्ताह में जिले में जबरदस्त हुई थी बारिश, कई गांवों में जलभराव

### जिले के इन गांवों में नहीं हो पाई रबी की बिजाई

गांव जाटू लोहारी में करीब 500 एकड़ भूमि में रबी फसल की बिजाई नहीं हो पाई है। अभी उक्त गांव के खेतों में कहीं पर डेढ तो कहीं पर दो फुट तक पानी जमा है। यही स्थिति गांव पुर व सिवाड़ा की है। पुर गांव में करीब 100 एकड़ तो सिवाड़ा में 50 से 60 एकड़ भूमि रबी फसल की बिजाई न होने से खेत खाली पड़े है। इसी तरह धनाना, तालू व आसपास के कई अन्य गांवों में दर्जन एकड़ भूमि में फसलों की बिजाई नहीं हुई है। दूसरी तरफ उक्त गांवों के किसनों को अभी तक न तो बर्बाद हुई खरीफ फसल का मुआवजा मिला है और न ही रबी फसल की बिजाई के बिना खाली रहे खेतों का मुआवजा मिल पाया है। विगत में इन गांवों के किसानों ने विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि से शिकायत की थी। उसके बाद ही आज सीएम नायाब सिंह सैनी से मुलाकात की है।

### जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करवाया जाएगा



विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि वे जिन गांवों के किसानों को बर्बाद फसलों का मुआवजा नहीं मिला है,इस समस्या को लेकर सीएम नायाब सिंह सैनी से मुलाकात की थी। जिस पर उन्होंने बताया कि कुछ गांवों के किसानों को तो मुआवजा मिल गया, कुछ किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। इस पर सीएम नायब सिंह सैनी ने एक अधिकारियों की कमेटी तथा जल्द ही डीसी से सर्वे रिपोर्ट मंगवाने का भरोसा दिलाया है। साथ ही जलभराव की स्थाई समस्या के समाधान के लिए पाइप लाइन दबाकर ड्रेन तक पानी की निकासी करवाने का भरोसा दिलाया है। ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न बन पाए।



# सड़कों पर पशु छोड़े तो पड़ेगी जुर्माने की मार

- नगरपरिषद सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भेजेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के लोगों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। नगरपरिषद द्वारा अधिकांश आवारा पशुओं को पकड़कर नंदीशाला व गोशालाओं में छोड़ा जा चुका है। गिनती के ही नंदी सड़कों पर नजर आ रहे है। उसके बावजूद नगरपरिषद ने सड़कों पर गायों को छोड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती से निपटने जा रहा है।

अब नगरपरिषद सडकों पर घुमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भेजेगी। अगर उसके बाद कोई उन पशुओं को छुड़वाने के लिए पहुंचेगा। उस व्यक्ति से जुर्माना वसूला जाएगा। साथ में उससे दोबारा न छोड़े जाने का शपथ पत्र भी लिया जाएगा। ताकि सड़कों पर पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस बारे में नगरपरिषद ने पशुपालकों को सूचित कर दिया है।

### गिनती के ही नंदी बचे

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के अधिकांश आवारा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला में नंदियों को नंदीशाला में भिजवा जा चुका है। अब गिनती के ही नंदी बचे है। उनको भी जल्द ही पकड़कर नंदीशालाओं में भिजवा जाएगा। ताकि शहर को आवारा पशुओं से मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि अब जो भी व्यक्ति अपने पशुओं को सड़कों पर छोड़ेगा। उनको नगरपरिषद पकड़कर गौशालाओं में भेजेगी। अगर कोई व्यक्ति उन पशुओं को वापस लाएगा। उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही उनसे दोबारा न छोड़े जाने का शपथ पत्र भी लिया जाएगा। इससे शहर को आवारा पशु मुक्त बनाया जा सकेगा।

वैसे तो शहर से आवारा पशुओं की संख्या बेहद कम हो गई है। कुछ गिनती के नंदी बचे है। हालांकि उनसे भी हमेशा दुर्घटना घटने का अंदेशा बना रहता है,लेकिन उनको भी पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

इस तरह के पशु उन जगहों पर ज्यादा बचे है। जिन जगहों पर लोग आवारा पशुओं के लिए हरा चारा डाल रहे है। वहीं पर इन पशुओं का जमावड़ा बना रहता है।

# जनस्वास्थ्य विभाग अवैध पेयजल कनेक्शनों को कर रहा नियमित

- 28 फरवरी तक महम रोड स्थित जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में देनी होगी सूचना

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहर में उपभोक्ताओं के अवैध कनेक्शनों को नियमित करने और क्षतिग्रस्त पेयजल कनेक्शनों की मरम्मत करने का अभियान चलाया जा रहा है। संबंधित उपभोक्ता जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में संपर्क कर अपना अवैध पेयजल कनेक्शन नियमित करवा सकता है और मकान के लिए मुख्य लाइन से घर के लिए गई कनेक्शन पाइप की मरम्मत करवा सकता है। इसके लिए उपभोक्ता को 28 फरवरी तक महम रोड पर स्थित जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में सूचना देनी होगी। निर्धारित समय में सूचना नहीं देने वालों के कनेक्शन काटे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में बड़ी संख्या में पेयजल कनेक्शन हैं। विभाग के अनुसार इनमें अवैध भी हैं। दूसरी ओर लोगों की अक्सर शिकायत दूषित पेयजल आपूर्ति की रहती है। विभाग का मानना है कि घरों में दूषित या साफ पानी की आपूर्ति न होने का एक कारण मुख्य लाइन से घर के अंदर पहुंचे पाइप का क्षतिग्रस्त होना या जर्जर होना भी है। अब जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने एक विशेष कार्ययोजना तैयार की है।





## आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 27 को

**भिवानी।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में 27 फरवरी को सुबह नौ बजे रोजगार मेले का आयोजन होगा, जिसमे इलेक्ट्रीशियन, फिटर,इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक , मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, वायरमैन, फाउंड्रीमैन, टर्नर, शीट मेटल वर्कर, कोपा, स्टेनो हिंदी, स्टेनो इंग्लिश, प्लम्बर व्यवसायों के आईटीआई पास शुदा छात्र कैंपस प्लेसमेंट में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

राजकीय आईटीआई के प्राचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी प्रेमनगर व यूएनओ मिंडारिका फरूखनगर मानेसर गुरुग्राम भाग लेगी, जिसमें इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन, फाउंड्रीमैन, शीट मेटल वर्कर, कोपा, हरियाणा राज्य में स्थित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से पास शुदा छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष तक के आईटीआई पास शुदा छात्र हिस्सा ले सकते हैं। वर्ग अनुदेशक वीरेंद्र कुमार व शिक्षुता अनुदेशक अमरदीप मलिक ने बताया कि संस्थान में प्रत्येक महीने रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आईटीआई पासशुदा छात्रों को रोजगार मिल सके। उन्होंने आईटीआई पास शुदा छात्रों से रोजगार मेले में हिस्सा लेकर लाभ उठाने की अपील की है। उपरोक्त कंपनियों में 9600 से 17400 रुपये तक का मानदेय दिया जाएगा।



शोरुम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



हॉलीवुड मसाला




# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।



# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।

टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।





# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।



# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी

*मुंबई। एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*



## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट


*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।



### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।

## सीवर सफाई के लिए कर्मचारी सुरक्षा उपकरणों का करें प्रयोग: सुनील

# ट्रेनर ने सीवर कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण पहनाकर दिया प्रशिक्षण

**जनस्वास्थ्य विभाग ने किया सीवर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने दादरी रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में सीवर हेल्पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को कार्यकारी अभियन्ता सुनील रंगा ने संबोधित किया। रंगा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण सीवर कार्य के कर्मचारियों के लिए बहुत जरूरी हैं, जिससे उनकी जान-माल के खतरे को रोका जा सकता है। सीवर को ठीक करने के दौरान सभी को सुरक्षा उपकरण का प्रयोग करते हुए सावधानीपूर्वक व उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए। उपमंडल अभियंता गिरीश ने कहा कि विभाग द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं।


भिवानी। सीवर का कार्य करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण भेंट करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### घरेलू फार्मेसियों से दवा खरीदने के लिए मजबूर न करें

कार्यक्रमों में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों व मशीनों का उपयोग कर सीवरेज सिस्टम को कैसे ठीक किया जा सकता है, इसकी जानकारी मौके पर दी। ट्रेनर गौरव कलिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीवरेज सुरक्षा संबंधी उपकरण हवा मास्क, ग्लोज, गमबूट, हैल्मट, मल्टी गैस डिटेक्टर, चश्मा, सेफ्टी बेल्ट, पूरा शरीर कवच जैसे अन्य सुरक्षा उपकरणों को पहनाकर सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सीवर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोजेक्ट के माध्यम बताया कि मैनहोल में बिना सुरक्षा उपकरणों के नहीं उतरना चाहिए। सीवर में उतरने की अनुमति विभाग के उच्च अधिकारियों ने लेनी बहुत जरूरी है। सीवर ठीक कार्य करने के दौरान तीन से चार कर्मचारियों का होना बहुत जरूरी है। कार्यकारी अभियन्ता विकास धनखड़ ने कहा कि जहां तक संभव हो मशीनों द्वारा ही सीवर संबंधी कार्य को करना चाहिए, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

### प्रमाण-पत्र प्रदान किए

चण्डीगढ़ की प्रशिक्षण देने वाली प्रकाश क्सल्ट्टी के अधिकारी प्रकाश कालिया व उपमण्डल अभियन्ता गिरीश ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 सीवर कर्मचारियों व ठेकेदारों को प्रशिक्षण दिलवाया। उपमण्डल अभियन्ता रवि, कनिष्ठ अभियन्ता संजय जैन, पंकज शर्मा, कपिल, आषीश, एसडीसी सुरेश सोगलान ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाएं जाएंगे, ताकि भविष्य में कार्य करते समय लापरवाही न हो सके। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को कार्यकारी अभियन्ता सुनील रगा ने प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान कंप्यूटर आपेट्रर चिराग, विजय, गौरव, नीरज, शेखर आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारी लंबित समस्याओं का शीघ्र करें समाधान : उपायुक्त

- समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों के साथ समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का साथ-साथ ही समाधान करें ताकि ज्यादा समस्याएं इक_ी न हों। चार महीने से लंबित चल रही नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से शीघ्र समाधान करें। अधिकारी अपने पास लंबित ना रखें ओर पोर्टल पर एटीआर अपलोड करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं चंडीगढ़ से समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें।

डीसी गुप्ता ने कहा कि चंडीगढ़ में समाधान शिविरों समीक्षा होती है, जिसमें समस्याओं से संबंधित किए गए समाधान की पुष्टि को लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा सभी जिलों में नागरिकों से बात की जाती हैं, उनसे संबंधित विभाग द्वारा किए गए समाधान की जानकारी ली जाती है। यदि समस्या के समाधान पर खानापूर्ति होती है तो नागरिक ही उच्चाधिकारियों को अवगत करवाते हैं, जिस कारण से अधिकारियों द्वारा समस्या चंडीगढ़ से रिओपन की जाती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित समस्याओं को अधिकारी गंभीरता के साथ प्राथमिकता से लें। सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याएं सुन उनका समाधान करना होता है। इस दौरान डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल, एसडीएम सिवानी विजया मलिक, डीएसपी महेश कुमार, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, एलडीएम बिभूति पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### बिना अनुमति पेड़ काटने पर होगी कार्रवाई

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा गैर-वन क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई एवं स्थानांतरण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यथावत रखते हुए अंतिम रूप प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि आदेशों के अनुपालन में जिला के सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायतों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं भूमि स्वामित्व, प्रबंधन से जुड़े अन्य संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की पेड़ कटाई अथवा स्थानांतरण से पूर्व संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि पेड़ काटने अथवा स्थानांतरण से पूर्व संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करना होगा, जिसमें भूमि का पूर्ण विवरण स्थल का क्षेत्रफल एवं समन्वय सहित मानचित्र, प्रस्तावित कटाई या स्थानांतरण के लिए पेड़ों की प्रजाति एवं संख्या, पेड़ काटने का स्पष्ट औचित्य, कारण, प्रस्तावित प्रतिपूरक वृक्षारोपण का विवरण एवं चिन्हित भूमि शामिल है। प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण कर पारिस्थितिकी एवं पर्यावरणीय पहलुओं का परीक्षण करते हुए आवेदन का निपटान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### इनेलो ने मनाया बुजुर्ग विजय दिवसः अशोक

**भिवानी।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के सुर्पिमों चौधरी अभय सिंह चौटाला के आदेशानुसार आज भिवानी इनेलों कार्यकर्ताओं की मीटिंग भिवानी कार्यालय में आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में बुजुर्ग मीटिंग में शामिल हुए और बुजुर्गों ने पेंशन बहाली को लेकर जश्न मनाया तथा पार्टी सुर्पिमों का धन्यवाद किया। आपस में सभी बुजुर्गों ने लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक ढाणी माहु ने भी बुजुर्गों के साथ मिलकर चौधरी अभय सिंह चौटाला का पेंशन बहाल करवाने व 200 रुपये बढ़वाने का लेकर धन्यवाद किया।

### विधायक ने बाबा साहब की प्रतिमा को किया नमन

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा हलका विधायक कपूर वाल्मीकि ने विधानसभा के प्रथम दिवस पर प्रवेश करते समय भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब के आदर्श, समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति उनकी सोच हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी को उनके बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए। वहीं विधानसभा की आहट से अपनी ही पीआईडी से हाथ धो चुके बवानीखेड़ा के लोगों में भी आस जगी की उनके हलके के विधायक द्वारा जो वायदा किया है उसे विधानसभा में उठाकर उनकी पीआईडी दोबारा बहाल करवाई जाएगी।

# जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन का सशक्त कदमः नागपाल

- कल हांसी गेट स्थित संत निरंकारी भवन व पास लगते क्षेत्र की सफाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा एवं लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रुप प्रदान करने के लिए संत निरंकारी मिशन ने प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभांरभ 22 फरवरी सुबह 8 बजे से सतगुरू सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार किया जाएगा। यह जानकारी संत निरंकारी मंडल भिवानी जोन के जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने दी।

नागपाल ने बताया कि भिवानी शहर में 22 फरवरी को हांसी गेट स्थित संत निरंकारी भवन व पास लगते क्षेत्र की सफाई की जाएगी। इसी दिन महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में मिशन द्वारा लगाए गए वननैस वन के आस-पास भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। सन्त निरंकारी सत्संग भवन में सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े 12 बजे तक भव्य सत्संग का आयोजन होगा। अभियान के तहत देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापार विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरुप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रुप से पहुंचाएगा।

### संजोकर रखें

सतगुरु सुदीक्षा का संदेश रहा हैं कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रुप में संजोकर रखें। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है।

# विद्यार्थियों ने विदाई पर किया पौधरोपण

- डीपीसी ने विद्यार्थियों को दिए परीक्षाओं में सफलता के टिप्स
- प्रेमनगर के राजकीय उच्च विद्यालय में दसवीं के विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव प्रेमनगर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अपनी विदाई पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने की। कार्यक्रम में शिक्षाविद दीवानचंद रहेजा, समाजसेवी कर्णसिंह ढांडा फौजी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से बचने के लिए मुख्यतिथि तंवर ने सफलता के टिप्स दिए और विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामअवतार शर्मा ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास बनाए रखने और परिश्रम का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनकी एसो. का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। दीवानचंद रहेजा व कर्णसिंह फौजी ने बोर्ड की परीक्षा के लिए अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने एक-एक पौधा रोपित किया।



भिवानी। एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करते मुख्यतिथि शिवकुमार तंवर, रामअवतार शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

प्राचार्य जगबीर कटारिया ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर सरपंच राजेश कुमार, शिक्षा समिति के प्रधान जोगेंद्र बूरा, जयबीर बरवर, पूर्व प्राचार्य रमेशचंद्र बूरा, राजकुमार ढांडा, अजय कुमार, यतेंद्रनाथ, नरेंद्र फोगाट, सारिका, गीता अरोड़ा, मुन्नी, कांता व सोनिया ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने जनसंपर्क अभियान चलाया


बाढड़ा। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**बाढडा।** पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर श्योराण ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों व भाजपा सरकार की मनरेगा योजना में परिवर्तन, ट्रेड डील सहित अन्य जनविरोधी नीतियों से अवगत करवाया। पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने गांव बिलावल, पिचोंपा, निहालगढ़, बिंद्राबन आदि गांवों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के दबाव में जो ट्रेड डील की जा रही है वह भविष्य में देश के किसानों के भविष्य से बड़ा कुठाराघात साबित होगा। आज हमारा देश अनाज, दूध जैसे कई पदार्थों को विदेश में भेजता है जो ग्रामीण किसान के जीवन में आर्थिक मदद मिलती है लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में हमारे किसान के हितों को बलि चढ़ाने का काम किया जा रहा है। मनरेगा योजना में परिवर्तन कर पहले ही गरीब परिवारों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया जा रहा है। आज सरकारी विभागों में या तो भर्ती नहीं की जा रही है या फिर बाहरी राज्यों के युवाओं का चयन करना हमारे प्रदेश के मेहनती प्रतिभाओं के साथ खिलवाड़ है। गांव में पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों व मौजीज ग्रामीणों ने पगड़ी पहना कर अभिनंदन किया।

# कमल को बेस्ट वॉलिंटियर अवार्ड मिला

- बीएलजेएस महाविद्यालय में साप्ताहिक शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

बनवारी लाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में गत 14 फरवरी से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। शिविर स्थानीय बस्ती राजीव नगर में लगाया गया। शिविर का समापन महाविद्यालय प्राचार्य श्याम वशिष्ठ की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया की शिविर में सातों दिन स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के कार्य किये। प्रथम दिन एनएसएस की समाज में भूमिका के बारे में परिचय लेते हुए सड़क सुरक्षा अभियान और नशा मुक्ति अभियान पर अभिभाषण प्रस्तुत करने के पश्चात बस्ती में घर-घर जाकर लोगों को इन समस्याओं से अवगत कराया। एचआईवी और अन्य सामाजिक बीमारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन पर विचार व्यक्त किया। मोबाइल के ऑनलाइन खेलों पर चर्चा की, की उन्हें किस प्रकार बंद किया जाना चाहिए। साइबर क्राइम विषय पर भी विशेष ध्यान दिया। बस्ती में तालाबों का निरीक्षण किया। लोगों को उसके उपयोग में महत्व के बारे में बताया। बुजुर्गों से स्वदेशी पर चर्चा की गई, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल लिटरेसी विषय पर भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्टार्टअप आईडियाज पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अंतिम दिन सप्ताह भर किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया गया तथा अनुमान लगाया कि कौन से कार्य ऐसे हैं जिन पर पुनः विचार व्यक्त किए जाएं।


तोशाम। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी

सफाई के प्रति लोगों को जागरुक करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय की मनोविज्ञान प्रवक्ता डॉक्टर शैलजा शर्मा और अंग्रेजी प्रवक्ता डॉक्टर सोमेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे। अंत में सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस दौरान कक्षा बीए तृतीय वर्ष के छात्र कमल को बेस्ट वॉलिंटियर का अवार्ड भी दिया गया।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

## आदर्श पुनर्वास केंद्र में कार्यशाला में दी नई जानकारी

**भिवानी।** आदर्श पुनर्वास केंद्र और स्पेशल स्कूल में विकलांग बच्चों के लिए व्यक्तिगत शैक्षणिक कार्यक्रम पर तीन दिवसीय सतत कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण, सचिव डॉ. सरिता श्योराण, रिसोर्स पर्सन डॉ सुमन पानू (क्लिनिकल सायकोलॉजिस्ट) और सहायक प्रवक्ता डॉ इंदू तंवर, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मोहम्मद नसीम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का लक्ष्य विशेष शिक्षकों को आई. ई. पी. के सिद्धांतों, व्यक्तिगत शिक्षा योजनाओं की रूपरेखा और कार्यान्वयन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे विशेष जरूरतों वाले छात्रों के लिए प्रभावी शैक्षिक योजना तैयार कर उन्हे आत्मनिर्भर बना सके, विशेष जरूरतों वाले बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए तीन से 21 वर्ष की आयु के विकलांग छात्रों के लिए हर साल व्यक्तिगत शैक्षिक कार्यक्रम विकसित किए जाने चाहिए, ताकि विकलांग छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर रिंकू कुमार, शारदा शर्मा, अनीता वर्मा, डॉ. हरिकिशन शर्मा, बजरंग, प्रवीण, डॉ. विनोदकुमार, कॅप्टन राजेंद्र धायल आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

लेफ्टिनेंट डॉ. सत्यनारायण ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल वेदों, उपनिषदों और दर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गणित, आयुर्विज्ञान, राज्यशास्त्र, पर्यावरण संरक्षण, योग, प्रशासनिक दक्षता तथा नैतिक मूल्यों का समन्वित और वैज्ञानिक स्वरूप निहित है।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली युवाओं के लिए रोजगार, शोध, शिक्षण, सांस्कृतिक प्रबंधन, अनुवाद, पर्यटन तथा प्रशासनिक सेवाओं सहित अनेक क्षेत्रों में स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है। वे शुक्रवार को स्थानीय चौ बंसीलाल कॉलेज में प्लेसमेंट सैल के तत्वावधान में आयोजित विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार चहल की अध्यक्षता में आयोजित विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट सत्यनारायण ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्राचीन गौरवशाली परंपरा, उसके वैज्ञानिक एवं तार्किक आधार तथा आधुनिक वैश्विक परिप्रेक्ष्य में उसकी बढ़ती उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य मुकेश कुमार चहल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी राष्ट्रीय पहचान और बौद्धिक समृद्धि की आधारशिला है। मंच संचालन डॉ. बजरंग ने किया।

इस मौके पर डॉ. सुखबीर सिंह, डॉ. अंजू, संगम, डॉ. राजबाला, सोनू, सरिता तथा डॉ. सुषमा रानी सहित स्टाफ सदस्य और युवा मौजूद रहे।

## कागजों में बढ़ी राशि बेटियां वंचित : पवन

**भिवानी।** बसपा नेता एवं लोकसभा प्रभारी भिवानी–महेंद्रगढ़ पवन ठाकुर ने सरकार की मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार द्वारा सहायता राशि 41 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रुपये करने की घोषणा केवल प्रचार का हिस्सा है, जबकि वास्तविकता यह है कि हजारों पात्र परिवार आज भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं।

पवन ठाकुर ने कहा कि सरकार के अपने आंकड़ों के अनुसार हर साल हजारों गरीब, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इस योजना के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन बड़ी संख्या में आवेदन महीनों और वर्षों तक लंबित पड़े रहते हैं। कई पात्र परिवारों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, फिर भी उन्हें समय पर सहायता राशि नहीं मिलती।

## भगवान भाव के भूखे हैं, किसी वस्तु के नहींः महाराज

# भक्ति के रंग में रंगा औद्योगिक क्षेत्र का माहौल

**श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा से सराबोर हुए श्रद्धालु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आद्योगिक क्षेत्र में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। दिवंगत प्रेमकुमार गर्ग की छठी पुण्य स्मृति में गर्ग परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं का भारी भीड़ उमड़ी।

वृंदावन से पधारे कथावाचक छबीले छैल बिहारी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। कथा के पांचवें दिन का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ब्रज में की गई विभिन्न बाल लीलाएं रहीं। कथा वाचक ने पूतना वध, माखन चोरी और कालिया नाग नर्दन की कथाओं का ऐसा सजीव वर्णन किया कि पाण्डाल में मौजूद भक्त मंत्रमुग्ध हो गए।

कथा के दौरान विशेष रूप से गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर भव्य झांकी सजाई गई। कथावाचक ने बताया कि भगवान ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का मान-मर्दन किया और ब्रजवासियों की रक्षा की। इस दौरान पूरा परिसर गिरिराज महाराज की जय के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।


भिवानी। कथा के दौरान झूमती श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### अन्नकूट प्रसाद बांटा

बिहारी महाराज ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं, वस्तु के नहीं, जब ब्रजवासियों ने अहंकार त्यागकर भगवान की शरण ली, तब स्वयं साक्षात नारायण ने उनकी रक्षा की। आज के युग में भी यदि मनुष्य अपने अहंकार को त्याग कर भक्ति के मार्ग पर चले, तो उसके जीवन के समस्त कष्टों का निवारण संभव है। गोवर्धन पूजा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। अन्नकूट प्रसाद वितरण और भारी भीड़ कार्यक्रम के अंत में गिरिराज की विशेष पूजा-अर्चना की और अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया। गर्ग परिवार के सदस्यों ने बताया कि कथा के पांचवें दिन लोग भक्ति भजनों पर झूमते और आनंद लेते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें: डॉ. मन्जीत

**चरखी दादरी।** महिला कॉलेज झोझू कलां में एनएसएस प्रथम व द्वितीय के सात दिवसिय कैम्प के पांचवें दिन प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत योगा के साथ हुई। दूसरे सत्र में डॉ मन्जीत कुमारी ने स्वदेशी अपनाओं पर विस्तार व्याख्यान के माध्यम से बताया कि हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए तथा अपने देश का आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग देना चाहिए।

### खेल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग: प्राचार्य

**लोहारू।** नेशनल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पष्मिता चौधरी ने कहा कि खेल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहरी परिवेश के युवाओं में खेलों के प्रति काफी उत्साह देखने को मिलता है। पष्मिता चौधरी कॉलेज परिसर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कर रही थी। प्रथम दिन आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में डीएलएड प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही। लड़कियों की दौड़ में ममता ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय और माया सिद्ध ने तृतीय स्थान हासिल किया। लडक़ों की दौड़ में अनुज ने प्रथम, प्रवीण ने द्वितीय और देवेंद्र ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर नीतू बाई, पीरूराम, सुनील कुमार, चंचल यादव, सीमा, शीलावती, डॉ दिनेश, रोशन मिश्रा, राजेश कुमार सहित स्टाफ सदस्य और प्रक्षिशु विद्यार्थी मौजूद थे।

### स्वच्छता पर किशोरियों को किया जागरूक

**भिवानी।** संडवा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव सांडवा स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में माहवारी स्वच्छता एवं पोषण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी प्रबंधन एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन डीपीओ वैशाली एवं सीडीपीओ किरण के मार्गदर्शन में सर्किल सुपरवाइजर पंकज द्वारा किया गया। इस दौरान विभागीय टीम की उपस्थिति में छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने छात्राओं को माहवारी के समय व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### एक-दूसरे को पछाड़ने के लिए महिलाओं ने लगाया पूरा दमखम

# गांव ढाणी की रितू साइकिल रेस में प्रथम और म्यूजिकल चेयर में अनिता अव्वल





भिवानी। आयोजित प्रतियोगिता में साइकिल दौड़ में भाग लेती प्रतिभागी व प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भीम स्टेडियम में आयोजित हुई जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता की साइकिल रेस में गांव ढाणी की रितू ने सबसे तेज साइकिल चलाकर पहला स्थान हासिल कर लिया। वहीं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बहल की अनिता पहले स्थान पर रही।

**100 मीटर दौड़ में चांग की सरिता ने सबको पीछे छोड़ा**

बाद में प्रतियोगिता में बेहतरीन स्थान हासिल करने वाले महिला प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सभी ब्लॉक से विजेता खिलाड़ियों ने भाग लिया। भीम स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगता की सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में प्रतिभागियों ने जबरदस्त दमखम दिखाया। जिसमें 100 मीटर दौड़ में चांग से सरिता ने सबको पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान पाया। बहल से बिमला द्वितीय व बिधनोई से सोनिया तृतीय स्थान पर रही। 300 मीटर दौड़ में सिकंदरपुर से मीना ने पहले स्थान पर बाजी मारी और निनान से सीता द्वितीय व बिडोला से मंजू तृतीय स्थान पर रही।

400 मीटर रेस में दिनोद से अंजू ने सबसे तेज दौड़ लगाई और पहले स्थान पर रही और दुर्जनपुर से खुशबू द्वितीय स्थान व आलमपुर से सोनिका तृतीय स्थान पर रही। साइकिल रेस में ढाणी सरल से रीतू ने सबसे तेज गति से साइकिल चलाकर प्रथम स्थान, दिनोद से मुस्कान द्वितीय स्थान व वाबिल तृतीय स्थान पर रही।

**शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार**

जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने कहा कि सरकार महिला के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष ध्यान दे रही है, जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता भी शामिल है। उन्होंने कहा कि खेलों से जीवन में आगे बढने की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि भिवानी की महिला खिलाड़ियों ने विश्व में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने महिलाओं को अपने खानपान का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लड़कियों को उच्च शिक्षित करें। शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का आधार है। इस दौरान सीडीपीओ किरण व ऊषा सहित सभी ब्लॉक से सीडीपीओ, महिला सुपरवाईजर, कोच सुरेश वर्मा व पूनम बामल, संदीप पोटलिया आदि मौजूद रहे।

**डिस्कस थ्रो में रेखा ने मारी बाजी**

डिस्कस थ्रो में बागनवाला से रेखा ने सबसे अधिक दूरी पर थ्रो फेंका और प्रथम स्थान पर रही। गांव देवराला से बिंदू द्वितीय स्थान व फरटिया भीमा से पूनम तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार से म्यूजिकल चेयर में बहल से अनीता पहले, झांझड़ा श्योराण से शशि दूसरे और किर्ती नगर भिवानी से सुनीता तीसरे स्थान पर रही।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहने वाले होनहार किए सम्मानित

- सर्वेपल्ली राधाकृष्णन लैब विद्यालय में युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वैद्य मंगत राम फाउंडेशन, भिवानी द्वारा 20 फरवरी को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रांगण स्थित सर्वेपल्ली राधाकृष्णन लैब विद्यालय में युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार गोयल, रिटायर्ड आईएएस ने बताया की समिति द्वारा भिवानी जिले में सत्र 2024-25 में सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, प्रोफेसर ( डॉ) पवन कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी, भिवानी अनूप कुमार ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों, उनके प्राचार्यों एवं अध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के सचिव नौरंग लाल गोयल, राजबाला गोयल, डिंपल एवम भिवानी के अन्य गणमान्य वृंद उपस्थिति थे। विद्यार्थियों एवम अभिभावकों ने वैद्य मंगत राम फाउंडेशन, भिवानी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

**एआई पढ़ाया जाएगा**


मुख्य अतिथि प्रोफेसर ( डॉ) पवन कुमार ने उपस्थित जन समूह को बताया की वर्तमान सरकार विद्यार्थियों की शिक्षा को लेकर काफी सजग है और आने वाले सत्र से ही हरियाणा विद्यालय से संबद्ध विद्यालयों में ए आई, रोबोटिक्स आदि पर आधारित पाठ्यक्रम पढाया जायेगा और गुरुकुलों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को हमारे ग्रंथो एवम साहित्य में छुपी अनुपम वैज्ञानिक एवम तार्किक शिक्षा का बोध कराया जायेगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार गोयल ने अपने संबोधन में फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे समाज हित के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए आशीर्वाद दिया की वे भविष्य में आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक आदि उच्च पदों को प्राप्त करें और देश एवम समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

- कैथल एसपी के साथ बहस पर जताया विरोध,सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

कैथल जिले में कैबिनेट मंत्री अनिल विज की एसपी उपासना से हुई बहस पर बवाल जारी है। भिवानी में पुलिस के रिटायर्ड कर्मचारी विज के खिलाफ उतरे और राज्यपाल व सीएम से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बीते दिनों कैथल जिला में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल विज व एसपी उपासना के बीच हुई नोकझोक का मामला अभी भी गर्म है। भिवानी में हरियाणा पुलिस रिटायर्ड कर्मचारी एसो. ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।



भिवानी। कार्रवाई की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

**राज्यपाल व सीएम लें संज्ञान: आजाद**

सीआईडी से रिटायर्ड इंस्पेक्टर आजाद ढाँडा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मीटिंग के दौरान ऊंची आवाज में अभद्र भाषा बोलकर एसपी को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देती है। पर क्या आईपीएस बनने के बाद बेटी का दर्जा खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक महिला उच्च अधिकारी की ऐसे तौहीन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ढांडा ने कहा कि राज्यपाल व सीएम इस मामले पर संज्ञान लेकर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है, जिसकी ऐसी घटनाओं से छवी खराब होती है।

# सांसद ने सीएम से की स्कूल बनवाने की मांग

- लाइनपार क्षेत्र में लड़कियों का स्कूल बनाने की सख्त जरूरत: शिवकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लाइनपार क्षेत्र में लड़कियों के स्कूल बनाने को लेकर क्षेत्रवासियों ने सांसद धर्मबीर सिंह के समक्ष मांग रखी थी, जिसके बाद सांसद धर्मबीर सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मांगपत्र सौंपकर स्वीकृति का आग्रह किया। यह जानकारी महापंचायत की बैठक में उपस्थित जनसमूह संबोधित करते हुए महापंचायत प्रधान शिवकुमार गोठवाल ने दी।

प्रधान गोठवाल ने बताया कि लाइनपार क्षेत्रवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद धर्मवीर सिंह व विधायक घनश्यामदास सर्राफ को स्कूल बनाओ, सरकारी भूमि से अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाओ को लेकर 2300 लोगों के हस्ताक्षरयुक्त सहमति प्रस्ताव पत्र सौंपें गए थे। प्रस्ताव पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने 11 फरवरी को चंडीगढ़ पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किया।



भिवानी। लाइनपार क्षेत्र में लड़कियों का स्कूल बनवाने की मांग करते क्षेत्रवासी।

**दिया आश्वासन**

सांसद धर्मबीर ने स्कूल भवन निर्माण कार्य शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद लाइनपार क्षेत्रवासियों को अपार खुशी है। गोठवाल ने आगे कहा कि विधायक ने भी मुद्दा विधानसभा सत्र में उठाकर सरकार से मंजूर करवाने का आश्वासन दिया है।

बैठक में धर्मपाल जांगड़ा, उमाशंकर सांगवान, राकेश मलिक, नौरंग शेखावत, रघुबीर सिंह रंगा, मनबीर सिंह, सुरेश जांगड़ा, जयदेव रंगा, जगदीश ठेकेदार, डाक्टर सुधीर सिंह तंवर, सुरेश शर्मा, विजय कुमार, जोगेंद्र पहलवान, मास्टर सतबीर श्योराण व नंदलाल यादव आदि उपस्थित थे।

### कार्यशाला के अंतिम दिन छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, ब्यूटीशियन के टिप्स दिए

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में व डा. रिंकु के नेतृत्व में चल रहे पांच दिवसीय योग एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का भारत माता की जय के उद्‌घोष के साथ समापन किया गया व इसके साथ ही ब्युटिशियन पिंकी ने भी कार्यशाला के अन्तिम दिन स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया व इसके अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण ब्युटिशियन टिप्स के साथ ही पाँच दिवसीय कार्यशाला का भी समापन किया गया। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर अनिल खटकड़ उपस्थित रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता डॉक्टर रिंकू ने की। योगाचार्य बिशन सिंह आर्य ने सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार ,चंद्र नमस्कार व सामूहिक आसन स्तूपों का अ5यास करवाया। प्राचार्य डॉक्टर अनिल खटकड़ ने योग के महत्व पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि योग भारत का दर्शन है। जो हर किसी को खुशहाल, उपयोगी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। एक मानव को दूसरे मानव के साथ जोडने का कार्य करता है। यह वह सॉफ्ट पावर है जिसके बलबूते पर भारत विश्व गुरु रहा है। योगिक क्रियाएं केवल प्रदर्शन के लिए नहीं अपितु जीवन दर्शन है।

### प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार

**भिवानी।** सीजेएम एवं सचिव डीएलएसए पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सामाजिक न्याय से संबंधित उनके अधिकारों, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा निःशुल्क कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समानता और न्याय का अधिकार प्राप्त है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाता है।

- आमजन को दी जाए कानूनी अधिकारों व योजनाओं की जानकारी: सीजेएम पवन कुमार

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# दवा विक्रेता नियमों का पालन करें

- एमआरपी वाली वस्तुओं की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी
- भिवानी मेडिकल एसोसिएशन की आवश्यक मीटिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी मेडिकल एसोसिएशन की अति आवश्यक मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के ड्रग कंट्रोलर सुरेंद्र कुमार ने की और पीएमआरयू हरियाणा डिपार्टमेंट से दिनेश फील्ड इन्वेस्टिगेशन एवं विक्रम वर्मा फील्ड इन्वेस्टिगेशन पीएमआरयू हरियाणा ने डीपीसीओ के अंतर्गत आने वाली दवाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने एसोसिएशन का मार्गदर्शन भी किया।

उन्होंने बताया कि सरकार ने डीपीसीओ मूल्य निर्धारण से अधिक एमआरपी वाली वस्तुओं की शिकायत के लिए डीपीसीओ टॉल फ्री नंबर 1800 180 2413 दिया हैं, जहां हम अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



भिवानी। दवा विक्रेताओं से बातचीत करते ड्रग कंट्रोलर सुरेंद्र कुमार।

**डीपीसीओ मूल्य की जानकारी दी**

इस दौरान कुछ साथियों का सवाल था कि उन्हें डीपीसीओ मूल्य के बारे में कैसे पता चलेगा, जिसके लिए उन्हें एक एप के बारे में बताया, जिसका नाम हैं फार्मा सही दाम, जिसे सभी गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। मीटिंग के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन करेंगे। इस अवसर पर संजय कानोडिया, अशोक गोयल, आशीष गोयल, सुभाष बजाज, राजेश ठुकराल, अतुल ठुकराल, दीपक महत्ता, संदीप चांदना, रामफल शर्मा, प्रहलाद कोकड़ा व टिनी सिंगला आदि मौजूद रहे।

# 12 लाख रुपये की लागत से बनेगा सार्वजनिक शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा तहसील कार्यालय के बाहर ग्रीन बेल्ट के साथ सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा। जिसके लिए नपा प्रधान सुंदर अत्री एमई पंकज गर्ग संग मिलकर मौके का निरीक्षण किया। इस कार्य को जल्द ही शुरू करवाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तहसील कार्यालय की उतर दिशा में थाना कार्यालय व दक्षिण दिशा में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय व सीडीपीओ कार्यालय व सामने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग स्थित है। सभी कार्यालय में दिन में सैंकड़ों लोगों की आवाजाही होती है। लेकिन शौचालय न होने के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पुरूष तो किसी प्रकार से अपनी व्यवस्था का लेते हैं लेकिन महिलाओं को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर बार बार इसकी शिकायतें नपा प्रधान से की गई।

**नपा प्रधान ने एमई संग मिलकर किया मौके का निरीक्षण**



बवानीखेड़ा। सार्वजनिक शौचालय के लिए निरीक्षण करते हुए नपा प्रधान व एमई।

### बोर्ड परीक्षाओं के नकल मुक्त संचालन के लिए शिक्षकों को दिलवाई शपथ

**सेठ किरोड़ीमल विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन**

# प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 300 अधिकारी एवं शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह 69वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स अंडर 19 लड़के व लड़कियों की खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों व शिक्षकों के सम्मान में आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्यतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया तथा विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर सहित सात ब्लाकों के खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में व्यवस्था का संचालन विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य राकेश रोहिल्ला ने किया, जबकि मंच संचालन प्रवक्ता दीपमाला ने किया।



भिवानी। राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करती डीईओ डॉ. निर्मल दहिया व डीपीसी शिवकुमार तंवर।

**शिक्षकों को सम्मान पत्र सौंपे**

गत दिनों हुई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में स्कूल खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनके सफल संचालन में शिक्षा विभाग के 300 से अधिक शिक्षकों व अधिकारियों ने अपना सहयोग दिया था। इस अवसर पर मुख्यतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया ने कहा कि भिवानी के लिए ये गर्व की बात है कि शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व की भांति 69वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। उन्होंने कहा कि छोटी काशी खेलकूद के क्षेत्र में पूरे देश में अपना अहम स्थान रखती है, इतना बड़ा आयोजन सभी सात ब्लाकों के अधिकारियों, शिक्षकों व जिला प्रशासन के सहयोग से ही सफल रहा। इस दौरान देशभर के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों खिलाडियों ने हरियाणा की संस्कृति को बड़ी ही बारीकि व नजदीकी से समझा। इस अवसर पर डॉ. दहिया ने 300 से अधिक शिक्षकों को सम्मान पत्र सौंपे और सभी को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं का नकल मुक्त संचालन के लिए शिक्षकों को शपथ भी दिलवाई।

### फैशन टेक्नोलॉजी की छात्राओं ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल सरकारी पॉलिटेक्निक के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की दो मेधावी छात्रा रंजना व महक का चयन कोटेक्ना इंस्पेक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम में हुआ है। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ. गीता गुलिया ने दोनों छात्राओं को बधाई दी और कहा कि संस्थान के विभिन्न विभागों के प्रतिभाशाली छात्र अपनी प्रतिभा के बूते पर विश्वस्तरीय कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल कर रहे हैं।

प्लेसमेंट में फैशन विभाग के छात्र अग्रणी हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी बृजमोहन, फैशन टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष टीना और प्रोफेसर डॉ. सनी पन्नू उपस्थित रहे।